दरबार का न्योता | by Bhawna Singh

श्याम ने बुलाया है मेरे बाबा ने बुलाया है
सब भक्तों को न्योता दरबार से आया है
श्याम ने बुलाया है..................

रींगस से पैदल हम निशान उठाएंगे
मेरे श्याम की महिमा को हम सब मिल गाएंगे
हम सब भक्तों पर ही मेरे श्याम का साया है
श्याम ने बुलाया है..................

मेरे श्याम से मिलने की सबको है तड़प भारी
वो घडी आ गयी है मिल लो सब बारी बारी
बाबा ने कृपा का अमृत बरसाया है
श्याम ने बुलाया है..................

ये पिता हमारा है इसने हमें पाला है
हम श्याम प्रेमियों का बाबा रखवाला है
हर बुरी बलाओं से मेरे श्याम ने बचाया है
श्याम ने बुलाया है..................

सब कुछ पहले जैसा अब हो ही जाएगा
मेरे श्याम की मस्ती में हर प्रेमी नाचेगा
मैंने सच्ची भावना से इस भजन को गाया है
श्याम ने बुलाया है..................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-bhawna-singh/